18.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा– राज्य सरकार ने पूरी लगन से काम करते हुए एक वर्ष उत्कृष्टता के साथ पूरा किया–शाहपुरा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकापर्ण किया।

○ राज्य मानवाधिकार आयोग ने चिकित्सा और जन स्वास्थ्य सेवा निदेशक को राज्य के सभी ब्लड बैंकों का पूरा विवरण देने के निर्देश दिये।

○ प्रदेश में कल से सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा।

○ राज्य में कई स्थानों पर शीतलहर और कहीं–कहीं अतिशीत लहर के हालात–आज पूर्वी जिलों में कोहरे का भी असर।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार ने पूरी लगन और समपर्ण से काम करते हुए एक वर्ष उत्कृष्टता के साथ पूरा किया है। इस एक साल में सरकार ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं और हर वर्ग की सेवा को संकल्प मानकर काम किया है। मुख्यमंत्री ने आज शाहपुरा के केन्द्रीय बस स्टेण्ड पर महाराणा प्रताप की मूर्ति तथा उम्मेद सागर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कन्या महाविद्यालय के नये भवन का उद्घाटन किया। श्री शर्मा ने कॉलेज ग्राउण्ड में जनसभा को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पैंतालीस हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये गये हैं। इसके साथ ही 85 हजार पदों पर नई भर्ती निकाली गई हैं।

..................

इससे पहले श्री शर्मा ने शहीद केसरी सिंह बारहठ, जोरावर सिह बारहठ और प्रताप सिंह बारहठ की प्रतिमा पर फूल चढ़ाये। कार्यक्रम में कानून मंत्री जोगाराम पटेल, जिला प्रभारी मंत्री मंजू बाघमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज पाली के मुण्डारा में पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी की माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्री देवासी के निवास पर पहुंचकर श्रद्धाजंलि सभा में भाग लिया। मुख्यमंत्री भीलवाड़ा के सहाड़ा भी गये। जहां उन्होंने विधायक लादूलाल पितलिया की माताजी के निधन के बाद आयोजित शोक सभा में शिरकत की। इस दौरान श्री शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

भाजपा के संगठन मंत्री चन्द्रशेखर शर्मा की माता जी की श्रद्धाजंलि सभा पुष्कर में रखी गई। मुख्यमंत्री ने सभा में पहुंचकर माताजी को श्रद्धाजंलि दी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

000

राज्य मानवाधिकार आयोग ने चिकित्सा और जन स्वास्थ्य सेवा निदेशक को राज्य के सभी ब्लड बैंकों का पूरा विवरण देने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने कहा है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में कार्यरत लाईसेन्स प्राप्त ब्लड बैंकों की सूचना,उनके प्रबंधक का विवरण, रक्त संग्रहित करने की क्षमता के बारे में पूरी जानकारी आयोग को अविलम्ब दी जाये, जिससे इस संबंध में ब्लड बैंकों का निरीक्षण करके मानव अधिकारों की सुरक्षा संबंधी आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि सरकार प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने आज जयपुर में आयोजित वैश्विक सड़क निर्माण और सुरक्षा सम्मेलन–2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के बुनियादी ढांचे में सुधार करने वाले शोधकर्ताओं, इंजीनियरों और श्रमिकों के योगदान की सराहना की।
उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब नई सड़कों का निर्माण ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस–वे की तर्ज पर किया जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण रोकने में मदद मिलेगी।

.....................

000

प्रदेश में कल से सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत 'प्रशासन गांवों की ओर अभियान 2024' शुरू किया जाएगा। 24 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में लोगों की शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से दी जा रही सेवाएं सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, संपर्क पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा मामलों को निपटाया जाएगा।

000

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के बारे में गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर विपक्ष के आरोपों को लेकर हुए शोर–शराबे के कारण आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही। आज सुबह कार्यवाही शुरू होते ही दोनों सदनों में शोर–शराबे के कारण दो बजे तक के लिये सदन की बैठक स्थगित की गई। दो बजे दुबारा कार्रवाई शुरू होने पर दोनों सदनों में शोर–शराबा जारी रहा, इस कारण दिनभर के लिये दोनों सदनों की बैठक स्थगित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज डॉक्टंर भीमराव आम्बेकडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि श्री शाह ने भारतीय संविधान के निर्माता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि श्री शाह द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से कांग्रेस स्पष्ट रूप से तिलमिलाई हुई है। इस बीच जयपुर में आज कांग्रेस पार्टी की ओर से बाबा साहेब के अपमान के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

000

बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आज प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान हुए विस्फोट में भारतीय सेना के दो जवानों की मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि तीनों जवान टैंक में गोला–बारूद लोड कर रहे थे, तभी चार्जर में विस्फोट हो गया। बीकानेर के लूणकरणसर के सर्किल ऑफिसर नरेन्द्र कुमार पूनिया ने बताया कि मृतकों में एक जवान जितेन्द्र दौसा जिले का और दूसरा जवान आशुतोष मिश्रा उत्तर प्रदेश के देवरिया का था। घायल जवान को हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ ले जाया गया है। महाजन फायरिंग रेंज में चार दिन के अंदर यह दूसरी जानलेवा घटना है। रविवार को भी गनर चंद्रप्रकाश पटेल की मौत हो गई थी।

000

बांसवाड़ा में आज महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट शुरू हुई। पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि ये यूनिट शहर के विभिन्न इलाकों में चौबीस घंटे पेट्रोलिंग करेगी। ये यूनिट शिकायत मिलने के कुछ ही समय के भीतर सहायता के लिए पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस ने महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाली वारदातों को रोकने के लिए यह नवाचारी कदम उठाया है।

000

सीमा सुरक्षा बल की 53वीं राष्ट्रीय सीमांत शूटिंग प्रतियोगिता आज से जैसलमेर में शुरू हुई। ये प्रतियोगिता किशनगढ़ फील्ड फायरिंग रेंज में हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रतियोगिता 21 दिसंबर तक चलेगी।

........................

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने डूंगरपुर के जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता अनिल कछवाहा के कोटा स्थित निवास की तलाशी में 9 लाख 22 हजार रूपये नकद बरामद किये हैं। कछवाहा को कल एक व्यक्ति से दो लाख रूपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया था, जिसके बाद ब्यूरो ने आज उसके ठिकानों पर तलाशी ली। इस दौरान एक करोड़ 87 लाख रूपये से अधिक की एफ.डी.आर और बचत पत्र, एक करोड़ 16 लाख रूपये कीमत के दो भू–खण्डों के दस्तावेज सहित 4 करोड़ 16 लाख रूपये से अधिक की चल–अचल सम्पत्ति के दस्तावेज मिले हैं।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर शीतलहर और कहीं कहीं अतिशीत लहर की स्थिति चल रही है। तेज़ ठण्ड के बीच कुछ स्थानों पर कोहरा छाने से भी जनजीवन पर असर पड़ा है। पूर्वी जिलों में इस कारण सुबह यातायात प्रभावित रहा। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि हाई–वे पर आज सुबह यातायात धीमा रहा। इस बीच सीकर के फतेहपुर में आज रात का पारा फिर से माइनस में दर्ज हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

....................

आज संगरिया में भी तेज़ठण्ड रही और वहां न्यूनतम तापमान एक दशमलव 3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 4 दिन शीतलहर चलने की संभावना जताई है। वहीं शुक्रवार से बारां, बूंदी, दौसा, धौलपुर,करौली, कोटा, सवाईमाधोपुर में घना कोहरा छाने के आसार हैं।

000